आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 31.01.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कुम्हारी में आयोजित किसान मेले में कहा कि किसानों को आय बढ़ाने के लिए परंपरागत् खेती के साथ नई तकनीक और फल, सब्जी तथा औषधीय फसलों की खेती को अपनाना होगा।

2— कृषि के विकास के लिए छत्तीसगढ़ में गठित की जाएगी वैज्ञानिक — कृषक संचालन टीम।

3— केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल लोकसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस—सत्ताईस का केन्द्रीय बजट प्रस्तुत करेंगी।

**और**

4— नारायणपुर में आज अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन का आयोजन किया गया—मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।

.................

**<u>शिवराज सिंह चौहान—दुर्ग</u>**

केन्द्रीय कृषि और कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भारत के किसानों ने अपनी मेहनत और परिश्रम से देश की दिशा और दशा दोनों बदल दी है। आज दुर्ग जिले के कुम्हारी में किसान मेला को संबोधित करते हुए केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए खेती को लाभ का

व्यवसाय बनाना जरूरी है। इसके लिए परंपरागत खेती के साथ नई तकनीक, उन्नत बीज और फल, फूल, सब्जी और औषधीय फसलों की खेती को अपनाना होगा। केन्द्रीय मंत्री ने नकली खाद और बीज की समस्या पर चिंता जताते हुए बताया कि संसद के आगामी सत्र में सीड एक्ट लाया जाएगा, ताकि खराब बीज देने वालों पर कड़ी कार्यवाही हो सके।

केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ के किसानों द्वारा परंपरागत् खेती की तुलना में बागवानी और सब्जियों की खेती में ली जा रही रूचि की सराहना की। श्री चौहान ने कहा कि उन्हें यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि छत्तीसगढ़ की नर्सरियां पूरे देश को अच्छे पौधे उपलब्ध कराने का काम कर रही है।

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील युवा किसान संघ द्वारा आयोजित किसान मेले में श्री चौहान ने कृषि के क्षेत्र में योगदान देने वाले युवा प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया।

इससे पहले, केंद्रीय कृषि मंत्री ने दुर्ग जिले के गिरहोला—खपरी गांव का दौरा किया। इस मौके पर श्री चौहान ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्राकृतिक खेती और सूक्ष्म सिंचाई जैसी योजनाओं को लेकर किसानों से चर्चा की। गिरहोला गांव में केंद्रीय मंत्री ने आम के पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे कृषि के साथ—साथ बागवानी और वृक्ष आधारित खेती को भी अपनाए।

**शिवराज सिंह चौहान—रायपुर**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में सरकार उल्लेखनीय प्रगति कर रही है। आज रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस सप्ताह वैज्ञानिकों, किसानों और केंद्र—राज्य अधिकारियों की एक संयुक्त टीम का गठन किया जाएगा, जो स्थानीय कृषि जलवायु के अनुसार फसल विविधता और उत्पादकता बढ़ाने की रणनीतियां, विकसित करेगी। इसके

साथ ही राज्य में एकीकृत कृषि प्रणाली और छोटे किसानों के लिए विविध आय स्रोत बढ़ाने के कार्यक्रम भी लागू किए जाएंगे। श्री चौहान ने छत्तीसगढ़ में किसानों द्वारा अपनाई जा रही आधुनिक तकनीक और नवाचारों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार दलहन–तिलहन खेती को बढ़ावा देगी।

इससे पहले, श्री चौहान ने नवा रायपुर में ग्रामीण विकास, कृषि और किसान कल्याण से संबंधित रोडमैप पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और कृषि मंत्री रामविचार नेताम उपस्थित थे। इस मौके पर श्री चौहान ने कहा कि रोजगार और स्वावलंबी युक्त ग्राम पंचायत बनाना सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत – जी राम जी योजना के लागू होने से गांवों में विकास की रफ्तार बढ़ेगी।

**केंद्रीय बजट**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल एक फरवरी को लोकसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का केन्द्रीय बजट प्रस्तुत करेंगी। लोकसभा के बाद बजट की प्रति राज्यसभा में पेश की जाएगी। संसद में बजट भाषण संपन्न होने के बाद बजट की प्रति मोबाइल ऐप और वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगी। केंद्रीय वित्त मंत्री, बजट के बाद देश के विभिन्न क्षेत्रों के महाविद्यालयों से आए तीस विद्यार्थियों से बातचीत करेंगी।

**अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन**

अबूझमाड़ की धरती से पूरे देश और दुनिया को अमन और शांति के संदेश के साथ आज नारायणपुर में अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नारायणपुर के हाईस्कूल परिसर

से इस मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और धावकों का हौसला बढ़ाने के लिए कुछ दूरी तक स्वयं दौड़ लगाई। इस मौके पर श्री साय ने कहा कि बस्तर में माओवाद से मुक्ति की दिशा में युवा वर्ग का जोश और उत्साह यह संकेत दे रहा है कि जल्द ही यह क्षेत्र खुशियों से आबाद होगा।

इक्कीस किलोमीटर लंबी यह हाफ मैराथन नारायणपुर से बासिंग तक आयोजित की गई, जिसमें साठ से ज्यादा विदेशी प्रतिभागियों के साथ ही छत्तीसगढ़ और विभिन्न राज्यों के दस हजार से अधिक धावकों ने भाग लिया। इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि इसमें आत्मसमर्पित माओवादी युवाओं ने भी हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री आज नारायणपुर जिले के गरांजी स्थित परीयना दिव्यांग आवासीय विद्यालय में अचानक छात्रों के बीच पहुंचे और उनसे बातचीत की। बच्चों की मांग पर श्री साय ने विद्यालय को एक बस उपलब्ध कराने की घोषणा की।

नारायणपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने नारायणपुर–कोंडागांव के बीच निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्धारित समय–सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए।

## मध्य क्षेत्रीय परिषद–बैठक

नवा रायपुर में कल मध्य क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की बैठक हुई। बैठक में परिषद के सदस्य राज्यों – छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच चारों राज्यों में सामाजिक–आर्थिक विकास, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, लंबित विषयों के निराकरण और बेहतर समन्वय सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान इन राज्यों से संबंधित प्रशासनिक, आर्थिक और सामाजिक मुद्दों का समाधान ढूंढने तथा राज्यों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया।

## राजिम मेला/सिरपुर महोत्सव

महानदी, पैरी और सोंढूर नदी के त्रिवेणी संगम में कल एक फरवरी को माघी पूर्णिमा पर राजिम कुंभ कल्प शुरू होगा, जो महाशिवरात्रि पंद्रह फरवरी तक चलेगा। इसका उद्घाटन राज्यपाल रमेन डेका करेंगे। राजिम कुंभ कल्प को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। शाही स्नान के लिए नदी तट पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। राजिम कुंभ कल्प में रोजाना महानदी आरती के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

वहीं, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक नगरी सिरपुर में भी कल से सिरपुर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय इस महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री महासमुंद जिले के लिए एक सौ निन्यानवे करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी करेंगे। सिरपुर महोत्सव स्थल पर विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा स्टॉल और आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

कल से ही जांजगीर–चांपा जिले के शिवरीनारायण में शिवरीनारायण मेला शुरू होगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने माघी पूर्णिमा पर शुरू हो रहे राजिम कुंभ कल्प, सिरपुर महोत्सव और शिवरीनारायण मेला के लिए प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## मध्यान्ह भोजन योजना

स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत  मध्यान्ह भोजन योजना सतत् रूप से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि योजना के अंतर्गत काम करने वाले रसोइये पिछले अट्ठाईस दिसंबर से  अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है, जिसके कारण कुछ स्कूलों में मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन प्रभावित हो रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए लोक शिक्षण संचालनालय ने कलेक्टरों को आवश्यक

कार्रवाई और व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी परिस्थिति में स्कूलों में मध्यान्ह भोजन योजना प्रभावित न हो।

**मौसम**

प्रदेश में अब धीरे–धीरे ठंड का असर कम हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार कल मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। वहीं, दो फरवरी से उत्तर छत्तीसगढ़ में वर्षा का दौर शुरू होने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में इस बार अंबिकापुर में सबसे अधिक ठंड का असर देखा गया। वर्ष उन्नीस सौ नवासी में अंबिकापुर का मासिक औसत न्यूनतम तापमान चार दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। अड़तीस वर्षों के बाद इस वर्ष अंबिकापुर में जनवरी महीने में मासिक औसत न्यूनतम तापमान सबसे कम सात डिग्री सेल्सियस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>